| West Bengal | 8 | Baharampur, Krishnanagar, Ranaghat, Bardhaman Purba, Bardhaman -Durgapur, Asansol, Bolpur, Birbhum |
| Jharkhand | 4 | Singhbhum (ST), Khunti (SC), Lohardaga (ST), Palamau (SC) |

# Pioneer

## Media associations ask ECI to hold press conference after every phase

PIONEER NEWS SERVICE ■ NEW DELHI

Media associations demanded on Saturday that the Election Commission(EC) hold press conferences after every voting phase of the ongoing Lok Sabha polls.

Media associations Press Club of India, Indian Women Press Corps, Press Association, Foreign Correspondents Club and Delhi Union of Journalists also asked the poll authority to release the entire election data, including the absolute number of votes cast in each phase and percentage of voting, by the next day of the polling date.

"It should be noted that at press conferences, the journalists get their doubts and confusions, if any, cleared which helps them report and write error-free copy for their readers," the media associations said in a joint statement.

They noted that till the 2019 general election, it was normal practice for the EC to hold press conferences after each phase of voting.

# Pioneer

## EC responded to my letter to INDIA Block, ignored my complaints: Kharge

PIONEER NEWS SERVICE
NEW DELHI



Congress president Mallikarjun Kharge on Saturday said it is surprising that the Election Commission(EC)chose to respond to a letter he wrote to INDIA Bloc leaders but ignored several other complaints he raised directly to it.

In a letter addressed to the CEC and other election commissioners, he said the poll panel is showing no urgency in dealing with "blatantly communal and casteist" statements being made by leaders of the ruling party and this is puzzling.

In response to the letter written by Kharge to INDIA bloc leaders expressing concerns over EC's delay in releasing voter turnout figures for first two phases of polls, the Commission had on Friday called it an attempt to push a biased narrative under the guise of seeking clarifications.

Kharge, in his response, said it was an open letter clearly addressed to the alliance partners and not to the Commission.

"It is surprising that the Election Commission of India wanted to respond to this letter while ignoring several other complaints given directly to it.

I have certain misgivings about the language of the letter, but I will not press on that issue as I understand the pressures they are working under," Kharge said in his letter sent to the EC on Saturday.

He said the EC letter on the one hand says the Commission respects citizens' right to ask questions and on the other hand, "threatens citizens in the form of an advise to exercise caution".

The Congress chief also said he is puzzled by the need to write that the Commission is "not legally bound to publish any voter turnout data at aggregate level of a constituency or state", even though it is factual.

The Election Commission in its statement had dubbed Kharge's letter an "aggression on the vitals of live conduct of elections".

In a five-page response with a series of annexures, the poll panel rejected charges of mismanagement and delay in the release of voter turnout data in the first two phases of the Lok Sabha elections and termed Kharge's allegations "unwarranted", "without facts" and "reflective of a biased and deliberate attempt to spread confusion".

In his letter to INDIA bloc leaders, Kharge had said "apart from the delay, the voter turnout data released by the Commission does not mention crucial yet related figures, such as the votes polled in each parliamentary constituency and in the respective assembly constituencies".

He also said if the voter turnout data was published within 24 hours of voting along with the crucial figures, then people would have known if the increase of "5 per cent" had been witnessed across constituencies or only in constituencies where the ruling regime had not performed well in the 2019 elections.

Opposition leaders had also met the EC top brass on Friday and raised the issue of voter turnout figures and the complaints given by them on various incidents of model code violation by ruling party leaders.

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## पायनियर

# चौथे चरण में कई सितारों की किस्मत दांव पर

राजेश कुमार। नई दिल्ली

दस राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 1,717 उम्मीदवारों में क्रिकेटर यूसुफ पठान से लेकर अखिलेश यादव और असदुद्दीन ओवैसी से लेकर शत्रुघ्न सिन्हा, पांच केंद्रीय मंत्री, दो विश्व कप विजेता क्रिकेटर और दो टॉलीवुड सितारे शामिल हैं। चरण 4 के लिए चुनाव प्रचार शनिवार को समाप्त हो गया। मतदान 13 मई को होगा। प्रत्येक चरण के पूरा होने के साथ प्रधानमंत्री सहित राजनीतिक नेता, सभी प्रकार की बयानबाजी, सांप्रदायिक आरोप, प्रतिद्वंद्वियों की निंदा के साथ चुनाव की गर्मी बढ़ा रहे हैं। भारतीय लोगों पर नस्लवादी टिप्पणी, पाकिस्तान के एटम बम से लेकर बालाकोट हमले से लेकर पुलवामा हमले और हमारा सिद्धांत है, हम घर में घुस के मारेंगे जैसे राजनीतिक कटाक्षों का चौथे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान दबदबा रहा। चौथे चरण के मतदान में भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए दांव ऊंचे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा भारतीय लोगों पर नस्लवादी अपमान, मणिशंकर अय्यर द्वारा पाकिस्तान के परमाणु बम, घर में घुस कर मारेंगे जैसे मुद्दों को उठाया और सबसे पुरानी पार्टी को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने ही देशवासियों में डर पैदा करने की कोशिश करती है। पिछली रैलियों में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ तीखे हमले किए हैं और दावा किया है कि उनका अडानी-अंबानी के साथ कुछ सौदा हो सकता है। इसी तरह, भाजपा नेता ने प्रचार के दौरान गली-गली में रामभक्तों का मुद्दा उठाया और 15 सेकंड में भाइयों को पता नहीं चलेगा कि वे कहां से आए और कहां गए, जिससे बाद में विवाद पैदा हो गया। चार महायुति उम्मीदवारों के लिए आयोजित प्रधानमंत्री की रैली ने काफी ध्यान आकर्षित किया क्योंकि उन्होंने शरद पवार पर निशाना साधते हुए उन्हें भटकती आत्मा बताया। एनडीए इस आम चुनाव में अबकी बार 400 पार की गूंज के साथ अपने लगातार तीसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है, जबकि विपक्षी इंडिया गुट अपने अभियान के लिए किफायती दृष्टिकोण अपना रहा है। अपने घोषणापत्र में किसानों के लिए एमएसपी और महिलाओं को नकद सहायता का वादा कर रहा है। चौथे चरण में राज्य आंध्र प्रदेश (25), बिहार (5), जम्मू और कश्मीर (1), झारखंड (4), (शेष पेज 9)

**लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की सीटें**

| राज्य | सीटें | लोकसभा सीट |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 25 | अराकू (एसटी), श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, अनाकापल्ले, काकीनाडा, अमलापुरम (एससी), राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला (एससी), ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, नेल्लोर, तिरुपति (एससी), राजमपेट, चित्तूर (एससी), अनंतपुर, हिंदूपुर, कडपा। |
| बिहार | 5 | दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर (एससी), बेगुसराय, मुंगेर |
| जम्मू और कश्मीर | 1 | श्रीनगर |
| मध्य प्रदेश | 8 | देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन (एसटी), खंडवा |
| महाराष्ट्र | 11 | नंदुरबार (एससी), जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी, बीड |
| ओडिशा | 4 | कालाहांडी, नबरंगपुर (एसटी), बेरहामपुर, कोरापुट (एसटी) |
| तेलंगाना | 17 | आदिलाबाद (एसटी), पेद्दापल्ले (एससी), करीमनगर, निजामाबाद, जहीराबाद, मेडक, मल्काजगिरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नलगोंडा, नगरकुर्नूल (एससी), भोंगिर, वारंगल (एससी), महबूबाबाद (एसटी), खम्मम |
| उत्तर प्रदेश | 13 | शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच (एससी) |
| पश्चिम बंगाल | 8 | बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान-दुर्गापुर, आसनसोल, बोलपुर, बीरभूम |
| झारखंड | 4 | सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एससी), लोहरदगा (एसटी), पलामू (एससी) |

नोटः लाल रंग में चिन्हित राज्यों में चौथे चरण में चुनाव संपन्न हो जाएगा

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## पायनियर

# चौथे चरण के मतदान के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

### ● 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए कल होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 13 मई, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 12 मई, 2024 (रविवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए चतुर्थ चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चतुर्थ चरण में प्रदेश की



13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27-शाहजहांपुर (अ.जा.), 28-खीरी, 29-धौरहरा, 30-सीतापुर, 31-हरदोई(अ.जा.), 32-मिश्रिख (अ0जा0), 33-उन्नाव, 40-फर्रूखाबाद, 41-इटावा (अ0जा0), 42-कन्नौज, 43-कानपुर, 44-अकबरपुर, 56-बहराइच (अ.जा.) लोकसभा सीट प्रदेश के 13 जनपदों में शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच आते हैं। 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर जनपद में आता है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग की जा सके।

## प्रवासी मतदाताओं को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगाः नवदीप रिणवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे। रिणवा ने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा वितरित मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए उपर्युक्त में से कोई एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज पोलिंग बूथ पर ले जाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, प्रवासी निर्वाचकों को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## पायनियर

# ट्रेनिंग में अनुपस्थित 93 कार्मिकों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जयनारायण पीजी कालेज में आज लोक सभा सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कराने वाले मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया

चुनाव के दिए जा रहे प्रशिक्षण के तहत ज़िला निर्वाचन अधिकारी ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण लेना सभी कार्मिको के लिए अनिवार्य बताया है। पीठासीन अधिकारी की कुल उपस्थिति 97.58 प्रतिशत और मतदान अधिकारी की कुल उपस्थिति 97.47 प्रतिशत रही। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ट्रेनिंग में अनुपस्थित रहने वाले 93 कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि शनिवार को जयनारायण (केकेसी) पीजी कालेज में आयोजित होने वाला मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के जिला निर्वाचन अधिकारी जयनारायण पीजी कालेज पहुँचे। उन्होंने की गई व्यवस्थाओ का जायज़ा लिया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त कक्षों में जा कर निरीक्षण किया और आये हुए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद भी किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित समस्त पीठासीन अधिकारियों को एमपीएस ऐप का उपयोग करने के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बताया कि प्रथम पाली में सुबह 9 बजे प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। अतः सभी प्रशिक्षणार्थियों व निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों ने ससमय पहुँच कर उपस्थिति दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 1:30 बजे शुरू हुआ और उक्त प्रशिक्षण में आने वाले कार्मिकों ने भी ससमय पहुँच कर उपस्थिति दर्ज कराई। प्रथम पाली व द्वितीय पाली के लिए नियत कुल 4800 कार्मिक इसमें से 1200 पीठासीन अधिकारी के सापेक्ष कुल 1171 पीठासीन अधिकारी एवं 3600 प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी के सापेक्ष कुल 3509 प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान अधिकारी द्वारा उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। ऐसे में पीठासीन अधिकारी की कुल उपस्थिति 97.58 प्रतिशत और मतदान अधिकारी की कुल उपस्थिति 97.47 प्रतिशत रही। अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। अनुपस्थित 93 कर्मियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया की ट्रेनिंग लेना सभी कार्मिको के लिए अनिवार्य है किसी भी दशा में ट्रेनिंग छोड़ी नही जा सकती।




समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

पायनियर

# केकेसी कालेज पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

● पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय की ट्रेनिंग दो पालियों में कराई गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मतदान** कार्मिको के पोस्टल बैलेट मतदान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी जयनारायण (केकेसी) पीजी कालेज चारबाग पहुँचे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान करने के लिए सभी मतदाता सरकारी कार्यालय से मिला अपना आईकार्ड अथवा एपिक कार्ड या आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या फोटोयुक्त बैंक पास बुक कोई भी एक पहचान पत्र अवश्य साथ में लाने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार ने बताया गया कि जयनारायण (केकेसी) पीजी कालेज चारबाग में पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय की ट्रेनिंग मास्टर्स ट्रेनर्स ने दो पालियों में कराइ। दोनो पालियों में आने वाले कार्मिको को ट्रेनिंग के साथ आज पोस्टल बैलेट के द्वारा मतदान भी करना था। जिसके मद्देनजर ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने व्यवस्थाओ का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जयनारायण (केकेसी) पीजी कालेज चारबाग पहुँचे और कि गई व्यवस्थाओ का जायज़ा लिया। मतदान के समय संज्ञान में आया कि कार्मिकों को मतदाता सूची में उनकी भाग संख्या और क्रम संख्या के बारे में भी कोई जानकारी नहीं थी। जिसके कारण मतदान करने में बहुत कठिनाई हो रही थी और समय भी ज़्यादा लग रहा था। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आगामी ट्रेनिंग में आने वाले कार्मिको और निर्वाचन कार्यो में लगे सभी अधिकारियों और उनके कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए। पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान करने वाले सभी मतदाताओं को निर्देश दिया गया कि वह अपनी विधानसभा का नाम, मतदाता सूची की भाग संख्या और क्रमांक आदि का विवरण एक पर्ची पर लिख कर साथ लाए जिससे मतदाता सूची में उनका नाम ढूढने में कठिनाई न हो। मतदान करने के लिए सभी मतदाता सरकारी कार्यालय से मिला अपना आईकार्ड अथवा एपिक कार्ड या आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या फोटोयुक्त बैंक पास बुक कोई भी एक पहचान पत्र अवश्य साथ में लाए। बिना वैलिड आईडी के मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगीं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आने वाले दिनों में ट्रेनिंग पर आने वाले कार्मिको को निर्देश दिया गया कि वह अपना भाग संख्या, मतदाता क्रमांक और अपना आईडी कार्ड साथ अवश्य लाए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन लोगो को मतदाता सूची में अपनी भाग संख्या और क्रमांक का नही पता है तो वह लोग वोटर हेल्पलाइन एप्प गूगल प्ले स्टोर से डाऊनलोड कर सकते है या फिर पद पर जा कर अपनी विधानसभा का नाम, भाग संख्या, मतदाता क्रमांक और पोलिंग बूथ से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। ऐसे में सभी कार्मिको को यह निर्देश दिए गए कि वह अपनी सभी जानकारी पहले से ले कर आए ताकि मतदान करने में समय न लगे।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## पायनियर

# सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को दी गई बूथों की जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ट्रेनिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को बूथों की जिम्मेदारी दी गयी। जिला निर्वाचन अधि कारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बूथों पर मशीन खराब होत ही है याचुनाव प्रक्रिया में कोई व्यवधान आती है तो ऐसी स्थित में सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा पोलिंग पार्टियों को गाइड किया जाएगा। यही नहीं सभी जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि सभी को पोलिंग प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी जैसे सभी फार्म की जानकारी, मॉक पोल की प्रक्रिया की जानकारी, यदि कोई अअचंज की पर्ची को चैलेंज कर देता है तो उसकी प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए



शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जिले के समस्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लगभग हर सेक्टर मजिस्ट्रेट को लगभग 15 बूथों की जिम्मेदारी दी गई है और हर जोनल मजिस्ट्रेट को लगभग 60 से लेकर 80 बूथों की जिम्मेदारी दी है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, निर्वाचन की बैक बोन या तो पिठासीन अधिकारी होता है या सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट होते है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी है कि चुनाव सुव्यवस्थित ढंग से हो जाए, या ऐसी कोई घटना न हो जाए जिससे चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लग जाए यह चीज़े या तो पोलिंग पार्टी सुनिश्चित कर सकती है। अगर बूथ पर कोई घटना घटित हो जाती है, मशीन में कोई दिक्कत आ जाती है या और कोई समस्या जिससे चुनाव की प्रक्रिया में कोई व्यवधान उत्पन्न होता है, तो इस दशा में सेक्टर या जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा ही पोलिंग पार्टियों को गाइड किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को डचै ऐप के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि सभी को पोलिंग प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी जैसे सभी फार्म की जानकारी, मॉक पोल की प्रक्रिया की जानकारी, यदि कोई अअचंज की पर्ची को चैलेंज कर देता है तो उसकी प्रक्रिया की जानकारी आदि होनी चाहिए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आशा की गई के सभी लोग अपनी टीम के साथ अच्छा काम करेंगे और जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराना सुनिश्चित कराएंगे।

## राष्ट्रीय सहारा

# तीसरे चरण के मतदान का आया अंतिम आंकड़ा

■ विनोद श्रीवास्तव

नई दिल्ली। एसएनबी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में हुए मतदान का अंतिम आंकड़ा आज चुनाव आयोग ने जारी कर दिया है। लेकिन हैरत की बात यह रही कि तीसरे चरण का मतदान पहले और दूसरे चरण के मतदान से पीछे रहा। 11 राज्यों की 93 सीटों के लिए सात मई को हुए मतदान में अंतिम मतदान 65.68 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इससे सर्वाधिक मतदान 85.45 प्रतिशत असम में दर्ज किया गया, जहां चार संसदीय सीटों के लिए मतदान हुआ था। हालांकि सबसे कम मतदान उत्तर प्रदेश में 57.55 प्रतिशत दर्ज किया गया, जहां दस सीटों के लिए मतदान हुआ है। पहले चरण और दूसरे चरण में 66 प्रतिशत से मतदान दर्ज किया गया था। लेकिन मतदान का अंतिम आंकड़ा देरी से आने पर विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। इस पर कल चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सख्त जवाब भेजा था।

चुनाव आयोग की ओर से आज जारी किये गये तीसरे चरण का कुल मतदान 65.68 प्रतिशत दर्ज किया गया। इनमें 66.89 प्रतिशत पुरुषों, 64.41 प्रतिशत महिलाओं और 25.2 प्रतिशत थर्ड जेंडर ने मतदान किया। मतदान का अंतिम आंकड़ा देरी से जारी किए जाने पर विपक्ष के आपत्ति के जवाब में आज जारी बयान में आयोग ने कहा कि मतदान के दिन सभी पोलिंग स्टेशनों पर उम्मीदवारों के अभिकर्ताओं को फार्म 17सी की प्रति उपलब्ध करा दी गई थी। इसके बाद अंतिम आंकड़ों में पोस्टल बैलेट एवं सर्विस वोटर अन्य चुनाव ड्यूटी के वोट का शामिल किया गया। तीसरे चरण में सबसे अधिक मतदान असम की धुबरी सीट पर 92.08 प्रतिशत और सबसे कम मतदान 50.29 प्रतिशत गुजरात की अमरेली सीट पर दर्ज किया गया था।



■ पहले और दूसरे चरण से रहा पीछे, 66 प्रतिशत पर नहीं पहुंचा मतदान

■ तीसरे चरण के लिए सात मई को 93 सीटों के लिए हुए थे मतदान

■ सबसे अधिक मतदान असम की धुबरी सीट पर 92.08 प्रतिशत

■ सबसे कम मतदान गुजरात की अमरेली सीट पर 50.29 प्रतिशत

**तीसरे चरण का मतदान (राज्यवार)**

| राज्य | सीटें | मतदान % |
|---|---|---|
| असम | 4 | 84.45 |
| बिहार | 5 | 59.15 |
| छत्तीसगढ़ | 7 | 71.98 |
| दादरा एवं दमन | 2 | 71.31 |
| गोवा | 2 | 76.06 |
| गुजरात | 25 | 60.13 |
| कर्नाटक | 14 | 71.84 |
| मध्य प्रदेश | 9 | 66.75 |
| महाराष्ट्र | 11 | 63.55 |
| उत्तर प्रदेश | 10 | 57.55 |
| पश्चिम बंगाल | 4 | 77.53 |

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# चौथे चरण का प्रचार खत्म

**नई दिल्ली/लखनऊ (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की 96 सीटों के लिए शनिवार को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में यूपी की 13 लोकसभा और एक विधानसभा सीट के लिए चुनाव होना है। इसी तरह बिहार में 5, मप्र में 8 सीटों के लिए चुनाव होना है। इस चरण में जिन दिग्गजों के भाग्य का फैसला होना है उनमें ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह, साक्षी महराज, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी, तेलुगूदेशम पार्टी के सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू, गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय प्रमुख हैं।

यूपी के चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शाहजहांपुर (आरक्षित), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (आरक्षित), मिश्रिख (आरक्षित), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (आरक्षित), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच (आरक्षित) लोकसभा सीटें आती हैं। इस चरण में 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन उम्मीदवारों की चुनावी तकदीर का फैसला दो करोड़ 46 लाख से अधिक मतदाता करेंगे। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 13 मई, सोमवार को 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा ददरौल (शाहजहांपुर जिला) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए मतदान होगा। ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

### चौथे चरण का चुनाव कल, बसों के आवागमन पर रोक नहीं

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उप्र की 13 सीटों पर 13 मई सोमवार को मतदान होगा। इस दौरान यात्रियों के आवागमन को देखते हुए रोडवेज बसों के संचालन पर रोक नहीं रहेगी। इस दौरान चुनाव वाले जिलों में लखनऊ से बसों का संचालन पूर्व की तरह होता रहेगा। इनमें लखनऊ से उन्नाव, कानपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, अकबरपुर, बहराइच, शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई के बीच संचालित होने वाली बसों का आवागमन होता रहेगा। लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आर.के. त्रिपाठी ने बताया कि चुनाव निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान वाले तारीख में बसों के संचालन पर रोक संबंधी कोई दिशा निर्देश नहीं दिए गए हैं। ऐसे में यूपी हो या अंतर्राज्जीय बस संचालन, सभी जगहों पर रोडवेज बसों का संचालन होता रहेगा। इनमें साधारण बसें और एसी बसें दोनों शामिल है। किसी भी प्रकार के रोडवेज बसों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। बस अड्डे आने वाले यात्रियों को गंतव्य स्थान के लिए बसें उपलब्ध होंगी।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# वैलिड आईडी से ही मतदान की अनुमति



ट्रेनिंग में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों पर दर्ज होगी एफआईआर

**लखनऊ (एसएनबी)।** मतदान कार्मिको के पोस्टल बैलेट मतदान को देखते हुये ज़िला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार शनिवार को जयनारायण (केकेसी) पीजी कालेज पहुंचे। उन्होने व्यवस्थाओ का जायज़ा लिया। उन्होने कहा कि कार्मिको को ट्रेनिग लेना अनिवार्य है जो कार्मिक अनुपस्थित होंगे उन पर एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया गया कि मतदान करने के लिए सभी मतदाता आईकार्ड व एपिक कार्ड या आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या फोटेयुक्त बैंक पास बुक कोई भी पहचान पत्र अवश्य लाए। बिना वैलिड आईडी के मतदान की अनुमति नही दी जाएगीं।

**16 तक कार्मिक व 17 से 19 तक पुलिस पर्सनल पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान :** 20 मई को पांचवे चरण में होने वाले लोस चुनाव को लेकर लगभग हर तैयारी आयोग व प्रशासन के द्वारा पूरी कर ली गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्मिकों के द्वारा यहां मतदान किया जा रहा है। यहां दो तरीकों से मतदान होते है। जिनकी विधानसभा या लोकसभा में ड्यूटी लगी हैं। जो कार्मिक उसी विधानसभा या लोकसभा का वोटर हैं। उन्हे इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी होता है। वो लोग बूथ पर मतदान करते है। ऐसे में उन्हे पोस्टल बैलेट से मतदान किया जाता है। उन्होने बताया कि जिनको पोस्टल बैलेट से मतदान करना है। वो 16 मई तक ट्रेनिंग व मतदान कर सकते है। वहीं पुलिस पर्सनल व निर्वाचन में अन्य जो लगे हुये है। उनका मतदान पोस्टल बैलेट के जरिये 17 मई, 18 मई, व 19 मई तक होगा।

**संयुक्त मोर्चा की मतदाता जागरूकता रैली आज :** राजधानी में 20 मई को होने वाले मतदानं के लिये मतदाता जागरूकता को लेकर संयुक्त मोर्चा रविवार को रविंद्रालय चारबाग से जनता व ऑटोरिक्शा संचालको को वोट देने के प्रति जागरूकता रैली निकाली जायेगी। यह रैली 10 बजे से शुरू होगी। यह जानकारी संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने दी।

## कल पोस्टल बैलेट से बुजुर्ग व दिव्यांग करेंगे मतदान

**लखनऊ।** राजधानी में 20 मई को पांचवे चरण में मतदान होने है। जिला निर्वाचन सहायक अभय किशोर ने बताया कि लखनऊ लोकसभा व मोहनलालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर घर पर मतदान के लिये असमर्थ मतदाता 13 मई को 85 साल की उम्र वाले बुजुर्ग व दिव्यांग जो मतदान केंद्र तक आने में असमर्थ है। ऐसे मतदाताओं का मतदान पोस्टल बैलेट के जरिये होगा। जिसमें 1403 बुजुर्ग है। जिसके लिये पोलिंग पार्टियां बुर्जुग मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर वीडियोग्राफी के साथ गोपनीय मतदान करायेगी।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

राष्ट्रीय सहारा

# सेक्टर मजिस्ट्रेट को 15 बूथों की जिम्मेदारी

**लखनऊ (एसएनबी)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जनपद लखनऊ के समस्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। उन्होंने बताया कि लगभग प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट को लगभग 15 बूथों की ज़िम्मेदारी दी गई है और हर जोनल मजिस्ट्रेट को लगभग 60 से लेकर 80 बूथों की जिम्मेदारी मिली है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, निर्वाचन की बैक बोन या तो पिठासीन अधिकारी होता है या सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट होते है।

**जोनल मजिस्ट्रेट को 60 से लेकर 80 बूथों का प्रभार**

ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी है कि चुनाव सुव्यवस्थित ढंग से हो जाए या ऐसी कोई घटना न हो जाए जिससे चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्न चिह्न लग जाए यह चीज़े या तो पोलिंग पार्टी सुनिश्चित कर सकती है या सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट। अगर बूथ पर कोई घटना घटित हो जाती है, मशीन में कोई दिक्कत आ जाती है या और कोई समस्या जिससे चुनाव की प्रक्रिया में कोई व्यवधान उत्पन्न होता है, तो इस दशा में सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के द्वारा ही पोलिंग पार्टियों को गाइड किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को ऐप के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि सभी को पोलिंग प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी जैसे सभी फार्म की जानकारी, मॉक पोल की प्रक्रिया की जानकारी, यदि कोई वीवीपैट की पर्ची को चैलेंज कर देता है तो उसकी प्रक्रिया की जानकारी आदि होनी चाहिए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आशा की गई के सभी लोग अपनी टीम के साथ अच्छा काम करेंगे और जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराना सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने बताया की आप सभी को यह पता होना चाहिए की पीठासीन अधिकारियों के साथ क्या क्या समन्वय करना है। ट्रेनिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी अमित कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, नगर मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ व समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

■ प्रशांत दीक्षित

लखनऊ। एसएनबी

# यूपी में अब 54 सीटों पर जंग

यूपी में लोकसभा चुनाव के तीन चरणों का मतदान सम्पन्न होने के बाद शेष चार चरणों की 54 सीटों पर अभी समर बाकी है। अवध और पूर्वांचल की इन सीटों पर सभी दलों की नजरें लगी हुई है। इन 54 सीटों में ही वे वीवीआईपी सीटें भी शामिल हैं, जहां से जीते सांसद देश को दिशा देने का काम करेंगे। इन वीवीआईपी सीटों में शुमार वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, अमेठी से पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी, सुलतानपुर से पूर्व मंत्री मेनका गांधी, कन्नौज से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, कैसरगंज से चर्चित सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर से रवि किशन के भाग्य का फैसला होगा। यूपी फतह के लिए देश के दिग्गजों ने अपनी नजरें यहां गड़ा दी हैं क्योंकि यह सभी को ज्ञात है कि दिल्ली की सत्ता पर वही काबिज होता है, जो यूपी फतह करता है।

वर्ष 2019 के चुनाव में इन 54 सीटों में से 45 भाजपा के खाते में आयी थीं, जबकि बसपा ने पांच (गाजीपुर, घोसी, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज), अपना दल- दो, सपा ने आजमगढ़ और कांग्रेस ने रायबरेली सीट जीती थी। बाद में आजमगढ़ में 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल

■ पीएम समेत कई दिग्गजों के भाग्य का होना है फैसला

■ 2019 के चुनाव में इनमें से 45 सीटों पर था भाजपा का कब्जा

यादव निरहुआ ने सपा के धर्मेंद्र यादव को पराजित कर जीत हासिल की थी।

भाजपा को इस बार इन सीटों पर अपना पुराना इतिहास दोहराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी क्योंकि सपा-कांग्रेस गठबंधन के चलते पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक मतदाता एकजुट हुआ, तो मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इससे निपटने के लिए लिए मोदी-योगी जहां एनडीए प्रत्याशियों के लिए पसीना बहा रहे हैं, वहीं 'इंडिया' के राहुल गांधी, अखिलेश यादव ने भी



नरेन्द्र मोदी (वाराणसी) राजनाथ सिंह (लखनऊ) राहुल गांधी (रायबरेली) अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर)

अपना पूरा ध्यान यूपी में केन्द्रित कर रखा है और अपने प्रत्याशियों के समर्थन में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर मतदाताओं को लुभाने का जी तोड़ प्रयास कर रहे हैं। उधर, बसपा सूबे में एकला चलो की राह पर है।

चौथे चरण में 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच कुल 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान है। इसी चरण में वीवीआईपी सीट कन्नौज से मैदान में उतरे सपा प्रमुख अखिलेश यादव का भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएगा। पांचवें चरण में 20 मई को मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, बांदा, हमीरपुर, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा कुल 14 सीटों पर मतदान है। इस चरण में वीवीआईपी सीट लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व अमेठी से स्मृति ईरानी के भाग्य का फैसला होगा।

छठे चरण में 25 मई को 14 सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर व भदोही के लिए मतदान होगा। इस चरण में वीवीआईपी सीट सुलतानपुर से पूर्व मंत्री मेनका गांधी के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। सातवें और अंतिम चरण में कुल 13 सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज में 1 जून को मतदान होगा।

इस चरण की वीवीआईपी सीट वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मिर्जापुर से केन्द्रीय मंत्री और अपना दल की मुखिया अनुप्रिया पटेल हैट्रिक लगाने की फिराक में है।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# 8 लाख नये वोटर चुनेंगे सांसद

प्रत्युष मिश्र




**लखनऊ व मोहनलालगंज (सु) लोस चुनाव**

**लखनऊ।** राजधानी में 20 मई को पांचवे चरण में मतदान में लखनऊ की दो लोकसभा सीट लखनऊ शहर व मोहनलालगंज सुरक्षित सीट पर चुनाव होने है। इस लोस चुनाव में अगर फर्स्ट टाइम वोटर की बात करें तो 8 लाख वोटर फर्स्ट टाइम अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को ओर ज्यादा मजबूत करने के लिये लखनऊ शहर सीट व मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिये अपना सांसद चुनेंगे।

गत चुनाव में नौ विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर 35 लाख मतदाता थे। लेकिन अगामी लोकसभा चुनाव में वोटरों की संख्या लगभग 23 फीसदी बढ़कर 43 लाख पहुंची। जिला प्रशासन व आयोग फर्स्ट टाइम वोटर को जोड़ने के लिये लगातार जागरूकता अभियान व पुनरीक्षण अभियान 27 अक्टूबर से 23 अप्रैल तक चलाया गया। जिसका परिणाम यह रहा कि फर्स्ट टाइम वोटर काफी उत्सुकता के साथ जुड़ा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सहायक अभय किशोर ने बताया कि इस लोस चुनाव में युवाओं में वोट करने की गजब की उत्सुकता दिख रही है। जो लोकतंत्र की खूबसूरती का परिचय देता है। इस लोस चुनाव में 59 हजार युवा ऐसे है जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिये स्कूल कॉलेजों विवि में तेजी से अभियान चलाया गया। लगातार जिला प्रशासन की तरफ से प्रयास किया जाता रहा है। कि अधिक से अधिक युवा लोकतंत्र के महापर्व में वोट रूपी चुनाव महायज्ञ में अपनी आहुति डालें। जिससे ज्यादा से ज्यादा मतप्रतिशत बढ़ सके।

इस लोस चुनाव में मोहनलाल गंज सुरक्षित सीट में 4 विधानसभायें सिधौली मोहनलालगंज, मलिहाबाद बीकेटी है। जिसमें कुल 1088 मतदान केंद्र पर मतदान होने है। इस सीट 2180958 मतदाता है। वहीं लोकसभा लखनऊ में 5 विधानसभायें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तर ,लखनऊ पूर्व, लखनऊ मध्य, लखनऊ कैंट है। जिसमें कुल 456 मतदान केंद्रो पर मतदान होने है। इस लोकसभा सीट में 2172171 मतदाता है। वहीं अगर बूथों की बात करें तो लोकसभा लखनऊ में बूथों की संख्या कुल 1894 है। मोहनलालगंज सुरक्षित सीट पर बूथों की संख्या कुल 1873 है। जो मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

### राष्ट्रीय सहारा



# लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में शराब की दुकानें रहेंगी बंद

लखनऊ (एसएनबी)। यूपी के कई जिलों में शराब की दुकानें दो दिन बंद करने का फैसला लिया गया है। आबकारी विभाग की ओर से कहा गया है कि पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी आबकारी विभाग की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। ऐसे में जिन शहरों में मतदान होना है, वहां शराब की दुकानें 11 मई की शाम से 13 मई शाम तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान सभी शराब की दुकानें और गोदाम बंद रहेंगे। बता दें कि चौथे चरण में बहराइच, धौरहरा, इटावा, अकबरपुर, खीरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, हरदोई, कानपुर, मिश्रिख, सीतापुर, उन्नाव और शाहजहांपुर लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को वोटिंग होगी। इसके मद्देनजर मतदान स्थल के आस-पास पड़ने वाली शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा



# राज्य जीएसटी के सचल दल ने पकड़ा 60 करोड़ का माल

**माल मतदाताओं को रिझाने के लिए ले जाया रहा था**

**चुनाव आयोग के निर्देश पर 1 मार्च से 10 मई के बीच की कार्रवाई**

लखनऊ (एसएनबी)। चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य जीएसटी विभाग की प्रदेश भर की सचल दल इकाईयां ऐसे माल की धर पकड़ कर रही हैं जो चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए प्रयोग करके चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है। इसके लिए लखनऊ जोन के एडीशनल कमिश्नर अमरेश त्रिपाठी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, वहीं राज्य जीएसटी मुख्यालय में तैनात ज्वाइंट कमिश्नर हीरा लाल प्रजापति इस अभियान की समीक्षा में नोडल अधिकारी का सहयोग कर रहे हैं। पहली मार्च से 10 मई के बीच में जीएसटी की टीमों ने करीब 60 लाख का माल पकड़ा है, जिसकी प्रतिदिन के हिसाब से रिपोर्ट चुनाव आयोग के पोर्टल पर अपलोड कर दी गयी है।

आयोग के निर्देश के क्रम में सचल दल इकाईयों ने मार्च से लेकर अब तक भारी मात्रा में प्रान्त बाहर से आयी शराब पकड़ कर आबकारी विभाग के सुपुर्द की है। इसके अलावा कपड़े, बर्तन व अन्य ऐसी वस्तुएं जिनका वितरण करके चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है, उनकी धर पकड़ तेजी के साथ की जा रही है। राज्य जीएसटी विभाग की सचल दल इकाईयों का कार्य प्रतिदिन रोड़ चेकिंग का है, लेकिन इसके बाद भी तमाम वाहनों का जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहण किया जा चुका है, लेकिन अभियान चलाने के लिए उच्च अधिकारियों के जो वाहन चुनाव ड्यूटी में नहीं लगे हैं, उनसे अधिकारी चुनाव आयोग के निर्देश के अनुक्रम में लगातार रोड़ चेकिंग कर रहे हैं। वहीं जीएसटी विभाग की ओर से नामित नोडल अधिकारी अमरेश त्रिपाठी द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। इसमें सचल दल अधिकारियों को बताया जा रहा है कि वह प्रान्त बाहर से यूपी में आने वाले एक एक माल की गहनता से चेकिंग करेंगे और जो भी माल पकड़ा जाएगा उसकी जानकारी चुनाव आयोग की साईड पर अपलोड करेंगे।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

### राष्ट्रीय सहारा

# मतदान के लिए किया जागरूक

लखनऊ। संजय गांधी पुरम आवासीय जन कल्याण समिति की बैठक में राष्ट्र के भविष्य निर्माण में कालोनीवासियों से अनुरोध किया गया कि आगामी चुनाव के महापर्व पर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं को अपना बहुमूल्य मत परिवार सहित चुनाव में डालें जिससे मजबूत राष्ट्र निर्माण का निर्माण हो सके एवं जनता की आकांक्षाओं के अनुसार चुनी सरकार काम करे। कार्यकारणी ने यह भी निर्णय लिया कि सभी सदस्य अपने-अपने घरों से 10 घरों में जाकर चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग घरों से निकल कर वोट डालेंगे। बैठक में तारा शंकर पाण्डेय, पीके रावत, एसपी शुक्ला, श्याम लाल, संयुक्त मंत्री राजेश कुमार पाण्डेय, अजीत कुमार गुप्ता, ओपी मिश्रा, तेज प्रताप सिंह यादव, आरके सोनी, उमाकान्त सिंह, विजय शंकर सिंह, गजाधर लाल अग्रवाल, रमेश सिंह, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय सहारा

# विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

**लखनऊ।** श्री जयनारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा एवं उमेश चंद्र उपाध्याय, एडीएम, लखनऊ की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मतदाता ज़ागरूकता रैली निकालकर लोगों से 20 मई को मतदान करने की अपील क्री। विद्यार्थियों ने उदयगंज, केकेसी, केकेवी कॉलोनी, एपी सेन रोड के निवासियों से सर्वे फॉर्म भराए तथा उन्हें वोट के दिन अधिक से अधिक संख्या में जाकर वोट करने के लिए जागरूक किया। अभियान के समन्वयक डा. अंशुमाली शर्मा, प्रो. अभिषेक सिंह, प्रो. मधु गौड, प्रो. अनीता बाजपेई, डा. सुनीता राठौर, डा. गिरजेश त्रिपाठी, डा. विजय राज श्रीवास्तव, डा. बलवंत कुमार बारी, डा. समन खान एवं डा. डी.एम. त्रिपाठी सहित महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर्स एवं रेंजर्स तथा एनसीसी के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# मतदान के लिए किया जागरूक

**लखनऊ।** संजय गांधी पुरम् आवासीय जन कल्याण समिति की बैठक में राष्ट्र के भविष्य निर्माण में कालोनीवासियों से अनुरोध किया गया कि आगामी चुनाव के महापर्व पर वरिष्ट नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं को अपना बहुमूल्य मत परिवार सहित चुनाव में डालें जिससे मजबूत राष्ट्र निर्माण का निर्माण हो सके एवं जनता की आकांक्षाओं के अनुसार चुनी सरकार काम करें। कार्यकारणी ने यह भी निर्णय लिया कि सभी सदस्य अपने-अपने घरों से 10 घरों में जाकर चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग घरों से निकल कर वोट डालेंगे। बैठक में तारा शंकर पाण्डेय, पीके रावत, एसपी शुक्ला, श्याम लाल, संयुक्त मंत्री राजेश कुमार पाण्डेय, अजीत कुमार गुप्ता, ओपी मिश्रा, तेज प्रताप सिंह यादव, आरके सोनी, उमाकान्त सिंह, विजय शंकर सिंह, गजाधर लाल अग्रवाल, रमेश सिंह, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।



## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# लाउडस्पीकर का शोर न नारों से रंगीं दीवारें

■ उमंग गुप्ता/ऋषभ त्यागी

लखीमपुर-खीरी।

**चुनाव प्रचार-प्रसार भी हुआ डिजिटल**

लोस चुनाव 2024 में वोट डालने की प्रक्रिया से लेकर चुनाव प्रचार तक सभी कुछ डिजिटल रूप में देखने को मिल रहा है। जहां चुनाव आयोग ईवीएम को तवज्जो दे रहा है, तो वहीं राजनीतिक दल भी सोशल मीडिया का सहारा लेते देखे जा रहे हैं।



इस बार चुनाव आयोग की सख्ती के साथ ही प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए झंडा-बैनर से ज्यादा सोशल मीडिया को तवज्जो देते दिखें। चुनाव प्रचार में लाउडस्पीकर्स से सजे रिक्शों और गाड़ियों के शोर से ज्यादा सोशल मीडिया साइट्स पर प्रचार-प्रसार देखने को मिल रहा है। वहीं चुनावी नारों से रंगी दीवारें अब नजर नहीं आती है।

जनपद में होने वाले चतुर्थ चरण के चुनाव में मतदान दिवस का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले के चुनाव प्रचार के तरीकों की अपेक्षा आज के तरीकों में काफी बदलाव आ चुका है। पूर्व में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही लोग अपने समर्थित राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी के झंडे-बैनर को उत्साह के साथ लगाते थे, दीवारों पर नारे लिखकर चुनावी फिज़ा को रंग चढ़ाया जाता था। राजनीतिक दलों की ओर से तैयार कराए गए नारे व गाने गली मोहल्लों के नुक्कड़ पर लगने वाले लाउडस्पीकर्स पर बजते सुनाई देते थे, राजनीतिक दल बच्चों को बिल्ले बांटते थे, लेकिन अब ऐसा नजर नहीं आता। समय बदलने के साथ अब चुनाव प्रचार का तरीका भी बदल गया है। इस बार राजनीतिक दलों ने अपनी सोशल मीडिया टीमें बना ली हैं, प्रत्याशियों ने भी इमेज क्रियेटर्स को हायर कर लिया है। इन टीमों के माध्यम से सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रचार किया जा रहा है। कोई भी कार्यक्रम हो सबसे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जनता से सहयोग की अपील की जा रही है, तो वहीं विपक्षी पार्टी पर निशाना साधने का भी काम भी अब सोशल मीडिया पर खूब किया जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों ने सोशल मीडिया को प्रचार का मुख्य साधन मान लिया है और सोशल मीडिया पर ही सबसे अधिक प्रचार कर रहे हैं।

**बिल्ला, स्टीकर, नुक्कड़ की दुकानों पर चर्चा अब गुजरे जमाने की बात :** बुजुर्ग बताते हैं कि पहले के चुनाव में हर राजनीतिक दल बिल्ला व स्टीकर बांटते थे। जिस नेता का काफिला आता, बच्चों की टोलियां उसी में शामिल हो जाती थी और वोट मांगने वाले नेताओं से स्टीकर और बिल्ला, स्टीकर मांगते दिखते थे, लेकिन अब यह गुजरे जमाने की बात हो गई है। चुनाव प्रचार का शोर कम हो गया। वहीं पान और चाय की दुकानों पर खासकर शाम के समय लोग एकत्रित होकर चुनावी चर्चा करते थे, लेकिन अब इस चकल्लस की जगह न्यूज शो के चुनावी लाइव कार्यक्रमों ने ले ली है।

**अब नहीं दिखते चुनावी नारे :-** प्रत्याशी गांव कस्बा, शहर में दीवारों पर नारे आदि लिखकर राजनीतिक फिजा को रंग चढ़ाने का काम करते थे, लेकिन आदर्श आचार संहिता के नियमों के चलते अब ऐसा संभव नहीं हैं। अब गांव, कस्बा, शहर में किसी पार्टी के प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के चुनावी नारे लिखे नहीं मिलेंगे। केवल बड़ी-बड़ी जनसभा व नुक्कड़ सभाएं कर जनता से वोट की अपील की जा रही है। बुजुर्गों का कहना है कि बदलाव प्रकृति का नियम है और हम सभी को इस बदलते दौर में स्वयं को अपडेट रखने की जरूरत है।

## आज

# चौथे चरण की 96 सीटों के लिए थमा चुनाव प्रचार

( आज समाचार सेवा )

नयी दिल्ली। लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार 13 मई को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। चौथे चरण में 13 मई को आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतादन कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। चौथे चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा । वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है। तेलंगाना

### सोमवार को होगा मतदान

के हैदराबाद से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता, बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, हैदराबाद से एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवेसी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उफ 'ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। उत्तर प्रदेश जिन 13 सीटों पर सोमवार को मतदान होना है उसमें हरदोई, मिसरिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर शाहजहांपुर, फेरी, दौरा, सीतापुर और बहराइच सीट शामिल है।मध्य प्रदेश धार, इंदौर, खरगोन, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम और खंडवा सीट पर इसी चरण में मतदान कराए जाएंगे है। सभी क्षेत्रों की मतगणना एक साथ कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने चौथे चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली है और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराए गए । पांचवें, छठे ओर सातवें चरण में क्रमशः 20 मई , 25 मई और एक जून को मतदान कराए जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## आज

# मतदान कार्मिकों को पोस्टल बैलेट मतदान का प्रशिक्षण

( आज समाचार सेवा )

लखनऊ। राजधानी में आज ज़िला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने द्वारा बताया गया कि आज जयनारायण केकेसी पीजी कालेज चारबाग में पीठासीन मतदान अधिकारी प्रथम द्वितीय व तृतीय की



### डीएम ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

ट्रेनिंग मास्टर्स ट्रेनर्स के द्वारा दो पालियों में कराई गई। दोनों पालियों में आने वाले कार्मिको को ट्रेनिंग के साथ आज पोस्टल बैलेट के द्वारा मतदान भी कराया। जिसके मद्देनजर ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा व्यवस्थाओ का जायज़ा लेने के उद्देश्य से केकेसी पीजी कालेज चारबाग पहुँचे और की गयी व्यवस्थाओ का जायज़ा लिया। मतदान के समय संज्ञान में आया कि कार्मिकों को मतदाता सूची में उनकी भाग संख्या और क्रम सँख्या के बारे में भी कोई जानकारी नही थी। जिसके कारण मतदान करने में बहुत कठिनाई हो रही थी और समय भी ज्यादा लग रहा था। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आगामी ट्रेनिंग में आने वाले कार्मिकों और निर्वाचन कार्यो में लगे सभी अधिकारियों और उनके कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये कि पोस्टल बैलेट के द्वारा मतदान करने वाले सभी मतदाताओं को निर्देश दिया गया कि वह अपनी विधानसभा का नाम, मतदाता सूची की भाग संख्या और क्रमांक आदि का विवरण एक पर्ची पर लिख कर साथ लाए, जिससे मतदाता सूची में उनका नाम ढूढने में कठिनाई न हो। मतदान करने के लिए सभी मतदाता सरकारी कार्यालय से मिला अपना आईकार्ड अथवा एपिक कार्ड या आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस पासपोर्ट या फोटोयुक्त बैंक पास बुक कोई भी एक पहचान पत्र अवश्य साथ मे लाये। बिना वैलिड आईडी के मतदान करने की अनुमति नही दी जाएगी। अतः ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आने वाले दिनों में ट्रेनिंग पर आने वाले कार्मिकों को निर्देश दिया गया कि वह अपना भाग संख्या मतदाता क्रमांक और अपना आईडी कार्ड साथ अवश्य लाये।

## आज



# अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों पर दर्ज होगी एफआईआर

लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि आज जयनारायण पीजी कालेज में आयोजित होने वाला मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। उक्त प्रशिक्षण के दृष्टिगत ज़िला निर्वाचन अधिकारी जयनारायण पीजी कालेज पहुँचे। जहाँ पर प्रथम पाली व द्वितीय पाली हेतु नियत कुल 4800 कार्मिक इसमें से 1200 पीठासीन अधिकारी के सापेक्ष कुल 1171 पीठासीन अधिकारी एवं 3600 प्रथम व द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी के सापेक्ष कुल 3509 प्रथम द्वितीय तृतीय मतदान अधिकारी द्वारा उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया इस प्रकार पीठासीन अधिकारी की कुल उपस्थिति साढ़े 97 प्रतिशत तथा मतदान अधिंकारी की कुल उपस्थिति साढ़े 97 प्रतिशत रही।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

आज

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से हो रहा अनुपालन

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 10 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4709 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,29,805 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 24,75,827 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 9210 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9282 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 526 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 4104 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 176 केन्द्रों को सीज किया गया।10 मई को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 04 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,101 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 151 शस्त्र, 133 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 88 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 03 केन्द्रों को सीज किया गया।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## आज

### वीवी पैड ईवीएम वेयर हाउस से निकाल कर कराई गयी छटनी प्रत्याशी प्रतिनिधि रहे मौजूद

अम्बेडकरनगर । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत सामान्य जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व 56 अम्बेडकरनगर के प्रत्याशी/प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा टाण्डा अकबरपुर की ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस से निकालकर छटाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपस्थित प्रत्याशी/प्रतिनिधि द्वारा इस पर संतुष्टि जताई गई। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी अन्य तैयारियों का भी जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कैमरा तथा अन्य व्यवस्थायें देखी गई। सभी व्यवस्थायें मौके पर ठीक-ठाक पाई गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार [illegible] द्वितीय सोमनाथ प्रत्याशी/प्रतिनिधि तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 12 मई, 2024

## आज

# संविदा कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

लखनऊ। लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में संविदा कर्मचारी संघ की बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। इस बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमें कर्मचारियों ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। बैठक में होली पर कर्मचारियों को बोनस न दिए जाने, सफाईकर्मियों को कई साल से बोनस न दिए जाने पर आक्रोश जताया। साथ ही अप्रैल में कुछ चुनिंदा कर्मचारियों को पांच फीसदी वेतन बढ़ोतरी का लाभ दिए जाने पर नाराजगी जताई गई।